**दहशत** | बहोरीबंद वन परिक्षेत्र के राखी गांव के पास सड़क किनारे बैठा दिखा तेंदुआ


# तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत



**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद वन परिक्षेत्र के कुआं वृत्त के ग्राम राखी में मंगलवार देर रात सड़क किनारे एक तेंदुआ देखे जाने की सूचना पर वन विभाग सतर्क हो गया है और आसपास के ग्रामीणों क्षेत्रों के ग्रामवासियों को भी सावधान रहने के लिए कहा गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात कुछ कार सवार जब सड़क मार्ग से गुजर रहे थे, तब उनकी नजर सड़क किनारे बैठे तेंदुए पर पड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों ने अपनी गाड़ियों की लाइट की रोशनी में तेंदुए का वीडियो बनाया। तेंदुए के दस्तक ने क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का महौल है, क्षके के किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ी हुई है। स्थानीय किसानों के अनुसार पिछले लगभग एक महीने से आसपास के खेतों में तेंदुए की मौजूदगी महसूस की जा रही थी। कई किसानों ने पहले भी इसे देखने का दावा किया था, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का मुआयना कर पदचिह्नों की पुष्टि की थी। विभाग तब से ही अलर्ट है, लेकिन अब आबादी क्षेत्र के करीब देखे जाने से खतरा बढ़ गया है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति संभाली। विभाग ने लाउडस्पीकर और जनसंपर्क के माध्यम से ग्रामीणों को रात में अकेले घर से बाहर नहीं निकलने, पालतू मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधने और जंगल से सटे इलाकों और खेतों की ओर जाने से बचने की सलाह दी गई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेश गौतम ने बताया, कुआं वृत्त के अंतर्गत ग्राम राखी के रमैया स्थान पर तेंदुआ दिखाई देने की सूचना मिली थी। टीम को तत्काल मौके पर रवाना कर दिया गया था। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन दिनों वन विभाग की ओर से वन्य प्राणियों की गणना का कार्य भी किया जा रहा है, वन विभाग की टीम क्षेत्र में पहले से ही सक्रिय है। ग्रामीणों को सावधान रहने के लिए कहा गया है। जंगल की ओर अकेले जाने से मना किया गया है। खेत की तकवारी के दौरान भी सतर्क रहने के लिएकहा गया है, ताकि किसी तरह की वन्यजीव और इंसान के बीच संघर्ष की स्थिति नहीं बने। बतादें कि कुछ दिन पहले ही तेंदुए ने विजयराघवगढ़ क्षेत्र में एक दस वर्षीय मासूम का शिकार कर मारा डाला था, हालांकि वन विभाग की टीम ने तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे सतना जिले के मुकुंदपुर चिड़िया घर भेज दिया था।

## रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत रोहनिया गांव से पुलिस ने रेत का अवैध करने पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रोहनिया ग्राम के समीप एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से नदी की रेत भरकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई। पुलिस टीम ने रोहनिया ग्राम में घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को रोका। पुलिस ने चालक से रेत के उत्खनन और परिवहन से संबंधित रॉयल्टी सहित अन्य दस्तावेज मांगे। लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जिसके बाद पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। बिना अनुमति और रॉयल्टी के रेत का परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया वाहन चालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



# शहर में चोरों की गश्त, एक साथ तीन मंदिरों में चोरी

**कोतवाली क्षेत्र में हुई वारदात, बदमाशों की तलाश शुरू**

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत सिविल लाइन, गायत्री नगर क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी पुलिस से ज्यादा चोरों की गश्त प्रभावी रही। चोरों ने तीन मंदिरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, जबकि एक मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया है, लेकिन वहां पर चोरी नहीं की गई। चोरों ने सबसे पहले गणेश चौक स्थित गणेश मंदिर में प्रवेश कर मंदिर के बर्तन चोरी किए। इसके बाद सिविल लाइन स्थित कल्याणी दुर्गा मंदिर में गेट का कुंडा काटा गया, हालांकि यहां चोरी नहीं हो सकी। गायत्री नगर स्थित राम मंदिर से भगवान राम का मुकुट और माला चोरी कर ली गई, है, जबकि बाबा घाट स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट और छत्र चोरी किए गए हैं। एक साथ मंदिरों में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। एक साथ हुई तीन मंदिर चोरी की वारदात और एक मंदिर में चोरी के प्रयास के बाद रात्रीकालीन प्रभावी गश्त व्यवस्था के दावों की पोल खुल गई है स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त सच में प्रभावी होती, तो एक के बाद एक मंदिरों में वारदात संभव नहीं थी। नागरिकों ने मांग की है कि पुलिस की रात्रीकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए। क्षेत्रों पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाए और बदमाशों पर कार्रवाई की जाए।

### एक नजर में

## प्रदेश संयोजक बनाए गए डॉ नारायण पटेल



**नवभारत, बाकल।** लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के संगठनात्मक विस्तार और मजबूती के क्रम में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संगठन महामंत्री पूरन सिंह पटेल की अनुशंसा पर, फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह की सहमति से लक्ष्य मध्यप्रदेश के पूर्व अध्यक्ष डॉ नारायण पटेल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक मध्यप्रदेश के पद पर मनोनीत किया गया है। इस नियुक्ति पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि डॉ नारायण पटेल पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## निर्माण कार्य में बेवजह व्यवधान उत्पन्न कर रहा पार्षद

**नवभारत, कटनी।** जय प्रकाश वार्ड में पार्षद द्वारा निर्माण कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न करने की शिकायत नगर निगम आयुक्त से की गई है। शिकायतकर्ता ठेकेदार मोनू गुप्ता ने बताया कि वह जयप्रकाश वार्ड स्थित एक निजी भूमि पर नगर निगम की वैधानिक प्रक्रिया और नियमों के अनुरूप निर्माण कार्य करवा रहा है लेकिन वार्ड पार्षद शिब्बू साहू द्वारा उक्त निर्माण कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। निर्माण कार्य में पार्षद शिब्बू साहू द्वारा बार-बार अनावश्यक हस्तक्षेप और रोकटोक की जा रही है जबकि संबंधित भूमि निजी है और निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक दस्तावेजव अनुमतियां उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कार्य को बाधित किया जा रहा है, जिससे आर्थिक और मानसिक क्षति हो रही है। मोनू गुप्ता ने नगर निगम आयुक्त से शिकायत पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके द्वारा पहले भी मौखिक शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया जागरूक



**यातायात पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान**

नवभारत, कटनी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एक जनवरी से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे इस अभियन के तहत मंगलवार को झिंझरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई।

साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की भी समझाइश दी गई । अधिवक्ता संघ से भी समन्व्यय कर यातायात जागरूकता के संबंध में विचार विमर्श कर सुरक्षित यातायात पर सुझाव प्राप्त किए गए। इस दौरान अधिवक्ता संघ को अश्वस्त किया गया कि उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अमल में लाया जाएगा और सुरक्षित यातायात की दिशा में हर संभव प्रयास के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। स्कूल के बच्चों को यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर नियमों का पालन करने कहा जा रहा है। सुरक्षित यातायात के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

# अस्पताल में मरीजों की थाली से खिलवाड़, मनमानी पर उतारू ठेकेदार

**कलेक्टर से शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल में मरीजों, गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को दिए जा रहे भोजन व्यवस्था में ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है। जिसे लेकर कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जिला अस्पताल में मरीजों को दिया जाने वाला भोजन थाली में नहीं बल्कि बाल्टी में भरकर वार्डों में ले जाया जा रहा है। ऐसा करना न सिर्फ स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है, बल्कि संक्रमण, फूड पॉइजनिंग और गंभीर बीमारियों को खुला निमंत्रण देने जैसा है। अधिवक्ता राज दुबे द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि इस मामले में ठेकेदार को तीन बार नोटिस जारी किए गए हैं, बावजूद इसके में भोजन वितरण व्यवस्था में कोई सुधार नही हुआ है। जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी करने की औपचारिक कार्रवाई कर खानापूर्ति की गई है। संबंधित ठेकेदार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ठेकेदार पर न तो जुर्माना लगाया गया है और न ही ठेका निरस्त किया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नोटिस के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदार और अस्पताल प्रबंधन के बीच मिलीभगत का संदेह गहराता जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जिला अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की निर्धारित मात्रा जानबूझकर कम दी जा रही है, डाइट चार्ट में शामिल फल और सलाद नियमित रूप से नहीं दिए जाते हैं, दूध और चाय, नाश्ते के समय और मात्रा में लगातार अनियमितता बनी हुई है, जिन मरीजों या परिजनों के पास बर्तन नहीं होते, उन्हें कई बार भोजन ही नहीं दिया जाता है, यह स्थिति किसी एक दिन की नहीं बल्कि कई महीनों से लगातार बनी हुई है। भोजन वितरण में सफाई का ध्यान नहीं रखा जा रहा है जिसके कारण कभी भी मरीज की जान को जोखिम में डाल सकता है। शिकायत में मांग की गई है कि अस्पताल में बिना पूर्व सूचना के अधिकारियों से आकस्मिक निरीक्षण कराया जाए। भोजन की मात्रा, गुणवत्ता और स्वच्छता की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर भोजन ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। नोटिस के बावजूद कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शिकायत में कहा गया है कि भोजन वितरण व्यवस्था में की जा रही लापरवाही के कारण मरीजों के सेहत में विपरीत असर पड़ा तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार के साथ अस्पताल प्रबंधन की भी होगी।

# कटनी-बीना रेलखंड की तीसरी रेललाइन में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा किया गया रेल पथ का निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** बीना-कटनी रेलखंड पर तीसरी लाइन परियोजना के तहत असलाना-पथरिया और पथरिया-गणेशगंज स्टेशन के बीच 6 जनवरी को मध्य वृत के रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोरा द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त का यह निरीक्षण सफल रहा। ट्रैक की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की जांच के बाद सीआरएस टीम ने इस रेलखंड पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों के संचालन की अनुमति दे दी है। निरीक्षण के बाद ट्रैक पर विशेष सीआरएस ट्रेन चलाकर स्पीड ट्रायल किया गया। करीब 42 मिनट तक चले इस इंस्पेक्शन और स्पीड ट्रायल के दौरान डीआरएम सहित सीनियर सेक्शन के सभी विभाग प्रमुख मौजूद रहे। वहीं असलाना, पथरिया और गणेशगंज स्टेशन की टीम भी अधिकारियों की आवभगत और व्यवस्थाओं में जुटी रही।

अधोसरंचनात्मक रेल परियोजनाओं को महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की निगरानी में तेज गति के साथ किया जा रहा है। नवनिर्मित थर्ड लाइन पथरिया से असलाना तक लगभग 14 किमी के ट्रैक का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पॉइंट एंड क्रॉसिंग, टंग रेल की हाउसिंग, ब्रिज लेआउट की ड्राइंग, गर्डर एवं ब्रिज और रेलवे मानक मापदंड पर आधारित स्पान का अवलोकन, ब्रिज के बेरिंग, प्लेट, चैनल स्लीपर, बैलास्ट, स्लीपर, ग्लूड जॉइंट, ट्रॉली घर, कुशन, इंप्रूव्ड एसइजे, ओएचई लाइन, चेयरप्लेट, कर्व और समपार फाटक का गहनता से परीक्षण किया। इसके बाद संरक्षा की दृष्टि से नवनिर्मित रेल लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त ने असलाना-पथरिया-गणेशगंज सेक्शन में अधिकतम 120 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्यालय से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एमएस हाश्मी, निर्माण विभाग और अन्य संरक्षा संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जबलपुर मंडल से मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल अभियंता, मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, सीनियर डीईई सहित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों में लाए पारदर्शिता




**बिरला व्हाइट सीमेंट प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा विकासखंड के झरेला गांव स्थित बिरला व्हाइट सीमेंट प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने बुधवार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्लांट प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर सीएसआर फंड के दुरुपयोग का आरोप लगाया। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता लाई जाए और अनुबंध की शर्तों का पालन कराया जाए। प्रदर्शन में शामिल राष्ट्रीय समाज पक्ष के जिला अध्यक्ष अवसर पाल ने कहा कि कंपनी क्षेत्र में स्थापित है, लेकिन यहां के लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। गांव में रोड, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं कराई गई। उनका आरोप है कि स्थापना के दौरान कंपनी ने जिन मूलभूत सुविधाओं का वादा किया था, उनके लिए सीएसआर मद की राशि खर्च नहीं की जा रही है। लंबे समय से मांग के बावजूद प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि कंपनी को एक महीने के अंदर अनुबंध के अनुसार विकास कार्य शुरू करने होंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अनुबंध के अनुसार क्षेत्र का विकास नहीं किया गया तो आंदोलन और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्लांट लगने के बावजूद रोजगार के अवसर क्षेत्र में नहीं मिल रहे हैं, प्लांट लगाने के दौरान रोजगार अवसर और क्षेत्र में विकास होने की बात कही गई थी, लेकिन विकास नहीं हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्र की स्थिति पहले की जैसे ही बनी हुई है।

# वेतन विसंगति दूर करने और नियमित किए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन**



**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण जिला संघ के नेतृत्व में आउटसोर्स और स्थाई कर्मचारियों ने वेतन विसंगति में सुधार और नियमितीकरण किए जाने की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे वर्षों से शासकीय विभागों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें नियमित कर्मचारियों के समान बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कई प्रमुख मांगें रखीं। लंबे समय से कार्यरत आउटसोर्स और स्थाई कर्मियों को नियमित कर शासकीय कैडर में शामिल करना, सहित अन्य शासकीय सेवकों की तरह स्थाई कर्मियों को भी सातवें वेतनमान का लाभ तत्काल प्रभाव से देने की मांग शामिल है। इसके अलावा सेवाकाल के दौरान मिलने वाले अवकाश, चिकित्सा सुविधा और अन्य भत्तों को नियमित कर्मचारियों के समान लागू करने की भी मांग की गई। प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वे शासन के महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं, लेकिन अधिकारों की बात आने पर उन्हें आउटसोर्स या अस्थाई बताकर टाल दिया जाता है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों पर ध्यान देने और सम्मानजनक वेतन व सुविधाएँ प्रदान करने की अपील की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों के लिए 12 को बैठक

**नवभारत, कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को झिंझरी स्थित पुलिस लाईन ग्राउण्ड में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल रूप से मनाए जाने के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा के लिए 12 जनवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट की नवीन सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में तैयारियों से जुड़े से संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर पहुंचने के लिए कहा गया है।

**खरीदी** | जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही धान, दो लाख 86 हजार 692 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक जारी

# 45 हजार 907 किसानों से खरीदी गई धान, 588 करोड़ से अधिक का किया भुगतान



**नवभारत, कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुए धान उपार्जन में 6 जनवरी तक 45 हजार 907 किसान से अब तक 3 लाख 79 हजार 996 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जिले में अब तक 59 हजार 171 किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है, 2 लाख 86 हजार 692 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किए गए है। साथ ही अब तक किसानों से खरीदी गई धान का 588.44 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया गया है। जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में 9151 किसानों से 77 हजार 328 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 8470 किसानों से 59 हजार 428 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदी गई है। इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 6533 किसानों से 48 हजार 77 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। जबकि रीठी तहसील में 5044 कृषकों से 47 हजार 916 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 5332 किसानों से 43 हजार 734 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 4369 किसानों से 38 हजार 444 मीट्रिक टन धान खरीदी गई है। इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 3431 किसानों से 31 हजार 247 मीट्रिक टन धान, कटनी नगर तहसील में 2054 किसानों से 21 हजार 288 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1523 किसानों से 12 हजार 533 मीट्रिक टन धान की खरीदी गई है। कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखने के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमानुसार खरीदी के निर्देश दिए गए हैं।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 2799/लो.नि.वि/निर्माण/2025 — कटनी, दिनांक :- 18/11/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेवासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रुपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_469005_1 | संतकवर राम वार्ड क्रं. 42 में शनि मंदिर रोड पर कास ड्रेन निर्माण कार्य | 30 days/- 419131.00 | 2,000/- 4119/- | 29/01/2026 |

नोट :- निविदा स संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in वेवसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी



## धर्मलोक हॉस्पिटल

A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनीग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024